(ग) क्या इन पशुओं द्वारा दिए जाने वाले दूध की उत्पादन लागत का भी आकलन किया गया है; और यदि हां, तो वह कितनी है; और

(घ) इन पशुओं को अधिक-से-अधिक संख्या में पालने के लिए उन्हें भारतीय किसानों को उपलब्ध कराये जाने के मद्देनजर उनकी वार्षिक उपलब्धता का अनुमान क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोमपाल): (क) जी, हां।

(ख) संकर नस्ल के डेयरी पशुओं की दो प्रजातियों नामत: करण स्विस और करण फ्राइज का विकास किया गया है। करण स्विस का प्रति ब्यांत औसत दुग्ध उत्पादन 3206 से 3420 कि॰ ग्रा॰ और करण फ्रइज का 3428 से 3461 कि॰ ग्रा॰ है।

(ग) राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल में रखे जा रहे मवेशी मुख्य रूप से परीक्षण कार्य के लिए होते हैं। वर्ष 1995-96 के दौरान संस्थान के डेयरी प्रदर्शन एकक में दुग्ध उत्पादन की लागत 6.90 रु॰ प्रति लिटर निकाली गई है।

(घ) पशु पालन और डेयरी के काम में लगे किसानों और संगठनों को इन दो संकर नस्ल की प्रजालियों के अतिरिक्त जननद्रव्य प्रजनक सांड़ो/बछड़ों/गायों और अच्छी किस्म के शुक्राणुओं के रूप में उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

प्याज और आलू का उत्पादन

4009. **श्री बलवंत सिंह रामूवालिया:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश के विभिन्न राज्यों में प्याज व आलू की खेती की जाती है;

(ख) यदि हां, तो राज्य-वार प्याज और आलू का औसत वार्षिक उत्पादन कितना है;

(ग) क्या यह भी सच है कि पिछले कई वर्षों के दौरान प्याज और आलू की पैदावार में कमी आई है; और

(घ) यदि हां, तो 1995-96, 1996-97 तथा 1997-98 में कुल कितनी भूमी पर प्याज की खेती की गई तथा उससे उक्त भूमि पर प्याज की कितनी पैदावार हुई थी?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोमपाल): (क) जी, हां।

(ख) वर्ष 1994-95, 1995-96 और 1996-97 के दौरान प्याज और आलू का राज्य-वार उत्पादन विवरण में दर्शाया गया है (नीचे देखिए)

(ग) और (घ) पिछले कुछ वर्षों से प्याज और आलू के उत्पादन में सामान्यतया बढ़ोतरी की प्रवृति दिखाई दी है। और 1996-97 के दौरान प्रत्येक का रिकार्ड उत्पादन हुआ था। वर्ष 1995-96 और 1996-97 के लिए प्याज का क्षेत्र और उत्पादन नीचे दिया गया है। वर्ष 1997-98 के लिए प्याज के उत्पादन के अनुमान तैयार करने का अभी समय नहीं हुआ है।

प्याज का क्षेत्र और उत्पादन

वर्ष	क्षेत्र (000 हैक्टैयर में)	उत्पादन (000 हैक्टैयर में)
1995-96	396	4080
1996-97	410	4429

विवरण

प्याज और आलू का राज्य-वार उत्पादन

(000 मी॰ टन में)

	आलू का उत्पादन		
राज्य	1994-95	1995-96	1996-97
1	2	3	4
असम	567	505	579
बिहार	1533	1508	1663
गुजरात	530	461	739
हरियाणा	134	210	229
हिमाचल प्रदेश	121	117	117
कर्नाटक	336	340	344
मध्य प्रदेश	620	518	644
महाराष्ट्र	62	76	73
मणिपुर	17	18	17
मेघालय	121	209	208
नागालैंड	20	25	30
उड़ीसा	108	87	117
पंजाब	610	796	871
राजस्थान	16	19	25
तमिलनाडु	84	82	70
उत्तर प्रदेश	6821	7466	10702
पश्चिम बंगाल	5559	6258	8472
अन्य	142	148	165
अखिल भारत	17401	18843	25065

प्याज का उत्पादन

राज्य	1994-95	1995-96	1996-97
1	2	3	4
आन्ध्र प्रदेश	315	374	369
असम	15	16	17
बिहार	143	137	137
गुजरात	502	444	433
हरियाणा	68	106	110
कर्नाटक	431	440	559
मध्य प्रदेश	215	236	280
महाराष्ट्र	1207	1121	1189
उड़ीसा	362	380	380
राजस्थान	83	162	206
तमिलनाडु	294	232	272
उत्तर प्रदेश	319	396	412
अन्य	22	36	65
अखिल भारत	4036	4080	4429

Pay Scales of Librarians in IARI

4010. SHRIMATI MALTI SHARMA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether IARI is a deemed University under UGC Act and IARI Library has been designated as National Agricultural Library by ICAR;

(b) whether ICAR had accepted Ramaiah Committee Recommendations giving UGC pay scales to its Librarians at par with Professors;

(c) whether UGC pay scales have been awarded to ICAR Scientists, both teaching and non-teaching;

(d) whether Head of Library Services is a faculty member and Course Coordinator and his fellow Librarians have been teaching one credit compulsory course; and

(e) if so, the justification for denying them UGC pay scales and by when these Librarians would also be awarded those scales?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI SOMPAL): (a) Yes, Sir. IARI is a deemed University under UGC Act. It is performing the de-facto role of National Agricultural Library since the inception of this Institute in 1905 at Pusa Bihar and later when it shifted to New Delhi in 1936.

(b) No, Sir.

(c) The UGC pay scales have been awarded to ICAR scientists. The Scientists in ICAR are performing duties of research, teaching and extension. There is no distinction like teaching and non-teaching scientists in ICAR.

(d) Yes, Sir. For administrative purposes, the Head Library Services at IARI is presently a faculty member and he teaches one credit course on "Agricultural Information System".

(e) The UGC pay scales have been adopted by ICAR for scientists only and no other categories of staff in ICAR such as technical, administrative, supporting have been given UGC pay scales. For the categories of staff other than scientists ICAR has adopted Central Govt. Pay scales. According to rules and bye laws of ICAR Society, the Librarians are categorised as Technical. They are thus not covered under UGC pay scales.

मध्य प्रदेश में गैर-सरकारी पार्टियों द्वारा चलाई जा रही डेरी योजना

4011. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गैर-सरकारी पार्टियों द्वारा चलाई जा रही डेरी योजना के बारे में सरकार की क्या नीति है;

(ख) क्या सरकार द्वारा मध्य प्रदेश में डेरी योजनाओं में कार्यरत गैर-सरकारी पार्टियों के बारे में कोई सर्वेक्षण कराया गया है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार राज्य में डेरी उद्योग में रोजगार के अधिक अवसर जुटाने के लिए कोई कार्य योजना बनाने का विचार रखती है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) राज्य में गैर-सरकारी क्षेत्र में डेरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की क्या भूमिका है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोमपाल): (क) डेयरी योजनाओं के बारे में सरकार की नीति दुग्ध और दुग्ध उत्पाद आदेश, 1992 द्वारा शासित होती है जिसके तहत निजी डेयरी संयंत्र भी पंजीकृत किए जाते है और उन्हें उन क्षेत्रों में संचालित करने की अनुमति दी जाती है जहां आंकलित विपणनीय अधिशेष दूध होता है।

(ख) से (घ) निजी डेयरियां पंजीकृत की जा चुकी हैं और मध्य प्रदेश में कार्य कर रही हैं तथा इन्होंने रोजगार के अवसर जुटाए हैं।